आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ ...
● वर्ष- 15 अंक-191- ● कटनी ● गुरुवार, 12 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

## यूपी के बस्ती में हादसा कंटेनर में पीछे से जा घुसी कार, पांच लोगों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के गोटवा बाजार नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कटया के पास कार से झारखंड जा रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर व फुटहिया पुलिस ने किसी तरह कार से पांचों शवों को बाहर निकाला। घटना में एक बच्ची और कार चालक बचे हैं, जिनकी हालत गंभीर है और अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। यह हादसा कितना भयावह था इस बात का अंदाजा कार की हालत से ही लगाया जा सकता है।

# ब्याज और लेट फीस लौटाएगा आयकर विभाग, तकनीकी खामी के चलते वसूले थे

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2020-21 यानी आकलन वर्ष 2021-22 के लिए व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर 2021 तय की है। 30 सितंबर के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने पर करदाताओं पर जुर्माना लगेगा। लेकिन कुछ करदाताओं से अगस्त में भी लेट फी वसूली गई है। कई करदाताओं ने इसकी शिकायत की है कि आयकर पोर्टल पिछले कुछ दिनों से रिटर्न दाखिल करने पर सेक्शन 234स्न के तहत लेट फीस चार्ज कर रहा है। आयकर विभाग ने इससे संबंधित गड़बड़ी को ठीक कर लिया है। अब ऐसे करदाताओं को लेट फी की राशि वापस मिलेगी। आयकर विभाग ने कहा है कि वह सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की वजह से हुआ था। इसलिए अब आकलन वर्ष 2021-22 का रिटर्न भरते समय करदाताओं से लिए गए ब्याज और विलंब शुल्क को लौटाया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से करदाताओं ने सोशल मीडिया के जरिए आयकर विभाग से अनुरोध किया था कि सर्वर से लेट-फाइलिंग फीस को हटा लिया जाए। विभाग ने करदाताओं को सलाह दी कि वे आईटीआर सॉफ्टवेयर के नए



संस्करण का उपयोग करें या ऑनलाइन फाइल करें। अगर किसी ने गलत ब्याज या विलंब शुल्क के साथ आईटीआर जमा किया है, तो सीपीसी-आईटीआर पर प्रसंस्करण करते समय इसकी गणना की जाएगी और भुगतान की गई अतिरिक्त राशि वापस कर दी जाएगी। आयकर कानून के सेक्शन 234F के मुताबिक, अगर कोई करदाता निर्धारित समय के बाद रिटर्न दाखिल करता है तो विलंबित रिटर्न के लिए अधिकतम 10,000 रुपये शुल्क के तौर पर वसूले जाते हैं। वहीं अगर किसी व्यक्ति की कुल आय पांच लाख रुपये से ज्यादा नहीं है, तो लेट-फाइलिंग फीस की राशि 1,000 रुपये है।

### सात जून को हो हुई थी नए आयकर पोर्टल की शुरुआत

गत सात जून को काफी जोरशोर से नए आयकर पोर्टल www.incometax.gov.in की शुरुआत की गई थी। शुरुआत से ही पोर्टल पर तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। नई वेबसाइट इंफोसिस ने तैयार की है। आयकर विभाग के नए पोर्टल में जारी तकनीकी कमियों के बीच इंफोसिस ने कहा कि वह इन खामियों को दूर करने के लिए तेजी से काम कर रही है और वर्तमान में यह उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# विपक्षी दलों का मार्च, राहुल बोले.. सरकार ने हमें बोलने नहीं दिया

## पीएम पर बड़ा आरोप, कहा-सदन में पहली बार हुई सांसदों की पिटाई

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को हंगामे के विरोध में विपक्षी दल आज केंद्र सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे हैं। विपक्षी दलों के सांसदों विजय चौक तक पैदल मार्च कर रहे हैं। इस मार्च में शशि थरूर व राहुल गांधी सहित कई बड़े विपक्षी नेता शामिल हुए हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि मानसून सत्र के दौरान सरकार ने विपक्ष को संसद में बोलने की अनुमति नहीं है। यह लोकतंत्र की हत्या है। इससे कुछ देर पहले ही आज राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में विपक्षी दलों के नेताओं ने बैठक भी की थी।



### पेगासस को विपक्ष ने बनाया मुद्दा

विपक्ष के मार्च के बाद राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि हमने सरकार से पेगासस पर बहस करने के लिए कहा था लेकिन केंद्र सरकार ने पेगासस जासूसी मुद्दे पर बहस करने से साफ इनकार कर दिया। हमने संसद के बाहर किसानों का मुद्दा उठाया और हम आज यहां आपसे बात करने आए हैं क्योंकि हमें संसद के अंदर नहीं बोलने दिया गया। ये देश के लोकतंत्र की हत्या है। राहुल गांधी ने कहा कि संसद में देश के 60 प्रतिशत लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है।

### पवार ने भी सरकार पर साधा निशाना

वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि बीते 55 साल की राजनीति में उन्होंने ऐसी राजनीतिक स्थिति नहीं देखी कि महिला सांसदों पर ही सदन के भीतर हमला किया गया हो। उन्होंने कहा कि सांसदों को नियंत्रित करने के लिए 40 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को बाहर से सदन में लाया गया। यह दर्दनाक है। यह एक हमला है। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% की बात करती है, लेकिन महिलाओं की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह से महिला सांसदों का अपमान किया गया, यह काफी शर्मनाक है।

### लोकतंत्र शर्मसार हुआ-भाजपा

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार का व्यवहार आज कांग्रेस पार्टी और कुछ अन्य विपक्षी पार्टियां सड़क पर उतरकर कर रही हैं। जिस प्रकार अराजकता संसद के अंदर विपक्षी पार्टियों और खासकर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने दिखाया है उससे पूरा देश और लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। कुल मिलाकर अब कांग्रेस भाजपा आमने सामने हैं।



## विवेक का सम्मान

*भोपाल। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ओलिंपिक कांस्य विजेता विवेक सागर के साथ स्मार्ट सिटी पार्क में पौधारोपण किया। सीएम शिवराज सिंह चौहान के निवास पर विवेक का मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं ओलिंपिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस दौरान खेल मंत्री यशोधरा राजे भी वहां मौजूद रहीं। इसके पहले विवेक सागर का भोपाल पहुंचने पर गुरुवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया एवं खेल विभाग के अधिकारियों ने विवेक की आत्मीय अगवानी की। विवेक एयर इंडिया की नियमित दिल्ली उड़ान से सुबह 7.30 बजे भोपाल पहुंचे। उनकी अगवानी के लिए खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया कुछ समय पहले ही एयरपोर्ट पहुंच गई थीं। साई के डायरेक्टर सत्यजीत संकित, खेल विभाग के डायरेक्टर पवन जैन, जॉइंट डायरेक्टर विनोद प्रधान एवं बीएस यादव सहित खेल अकादमी के सदस्यों ने विवेक का भव्य स्वागत किया।*

### मध्यप्रदेश के 11 पुलिस अधिकारियों को मेडल फार एक्सीलेंस इन इनवेस्टीशन

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एमपी के 11 पुलिस अधिकारियों को मेडल फार एक्सीलेंस इन इनवेस्टीशन दिया जाएगा इसमें उमेश प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर, आलोक श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर, अनिमेष कुमार द्विवेदी, इंस्पेक्टर, आकांक्षा साहरे, एसआइ, सुनील लता, इंस्पेक्टर, जितेंद्र सिंह भास्कर, इंस्पेक्टर, आरती धुर्वे, एसआइ, रेवल सिंह बर्डे, इंस्पेक्टर, रामप्यारी धुर्वे, एसआइ, अंजू शर्मा, एसआइ, अभय नेमा, इंस्पेक्टर शामिल हैं।

# कांग्रेस के चहचहाने पर रोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई नेताओं के अकाउंट के बाद अब कांग्रेस पार्टी का ट्विटर अकाउंट भी लॉक हो गया है। गुरुवार को कांग्रेस ने दावा करते हुए कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट लॉक कर दिया गया है, लेकिन हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। कांग्रेस ने कहा कि जब हमारे नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, हम तब नहीं डरे तो अब ट्विटर अकाउंट बंद करने से क्या ख़ाक डरेंगे। हम कांग्रेस हैं, जनता का संदेश है, हम लड़ेंगे, लड़ते रहेंगे। अगर दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना अपराध है, तो ये अपराध हम सौ बार करेंगे। जय हिंद...सत्यमेव जयते। आपको बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने दिल्ली में एक नौ साल की बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म फिर हत्या के मामले में उसके परिवार से मुलाकात की थी और इसके कुछ देर बाद ही राहुल गांधी ने इस मुलाकात की तस्वीर ट्विटर पर साझा की थी। राहुल के ट्वीट के खिलाफ राष्ट्रीय बाल आयोग की शिकायत के बाद ट्विटर ने न केवल राहुल गांधी का ट्वीट हटा दिया बल्कि उनके अकाउंट पर अस्थाई रोक भी लगा दी। ट्विटर के जरिए रोजाना मोदी सरकार पर हमला करने वाले राहुल गांधी पाबंदी के कारण दो दिन से ट्वीट नहीं कर पाए।

### कांग्रेस का ट्विटर अकाउंट ब्लाक



## फटाफट खबरें



### भारत- इंग्लैंड दूसरा टेस्ट आज, से

**नई दिल्ली।** गुरुवार यानी आज 12 अगस्त से भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में दूसरा टेस्ट मैच शुरू होने जा रहा है। इस लंबी टेस्ट सीरीज के लिए दोनों टीमों के साथ-साथ फैंन्स भी तैयार हैं। विराट कोहली की अगुवाई में उतरने वाली टीम इंडिया की यही कोशिश होगी कि वह अपनी पहली जीत के साथ खाता खोले। क्योंकि नॉटिंघम में खेला गया पहला टेस्ट मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका था उसे ड्रा करना पड़ा था, जिसमें भारत की जीत तय नजर आ रही थी। इसलिए दूसरा टेस्ट मैच दोनो ही टीमों के साथ दर्शकों के लिए भी बहुत रोमांचक साबित होने वाला है।

### एसडीएम की फर्जी फेसबुक आइडी बनाई

**ग्वालियर।** ग्वालियर लश्कर क्षेत्र के एसडीएम अनिल बनवारिया की फर्जी फेसबुक आइडी बनाई गई है। आइडी बनाने वाले ने एसडीएम की फोटो का भी इस्तेमाल किया है। इसके बाद उनसे जुड़े लोगों को फ्रेंडशिप की रिक्वेस्ट भी भेजी है। जब लोगों के फोन आना शुरू हुए तो एसडीएम को इसकी जानकारी लगी। उन्होंने अपनी फेसबुक वॉल पर मैसेज डालकर लोगों का आगाह किया है।



# फिर बढ़ा कोरोना, बीते 24 घंटे में 41,195 नए मामले

## चिंता में देश, फिर से 8 राज्यों लॉकडाउन जैसी पाबंदी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में फिर से बढ़तोरी होने लगी है। बीते 24 घंटे में देश में 41,576 नए मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, 491 लोगों की जान चली गई, जबकि 39,125 मरीज ठीक हुए है। ऐसा पांच दिन बाद हुआ है जब यह संख्या 40 हजार के पार पहुंची है। इससे पहले आंकड़े 40 हजार के नीचे थे। 5 अगस्त को 45 हजार केस समाने आए थे। केरल में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यहां 23,500 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 19,411 ठीक हुए और 116 की मौत हो गई। अब तक कुल संक्रमित हो चुके- 3.20 करोड़ अब तक ठीक हुए- 3.12 करोड़ अब तक कुल मौतें- 4.29 लाख अभी इलाज करा रहे मरीजों की कुल संख्या- 3.82 लाख आठ राज्यों में लॉकडाउन जैसे प्रतिबं देश के 8 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं, इनमें हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगाई गई है।

# अनूपपुर की बेटी चंपा सिंह से पीएम मोदी ने की बात

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर नारी शक्ति से संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के अनूपपुर की चंपा सिंह से बात की। चंपा सिंह ने प्रधानमंत्री को बताया कि जब वे 11 साल की थी तब पिताजी का निधन हो गया, इसके बाद कम उम्र में ही मेरी शादी हो गई थी। शादी के 2 महीने बाद ही पति का भी निधन हो गया। इसके बाद मैं और मेरी मां बेसहारा हो गए थे। तब अजीविका मिशन हमारा साहारा बना, चंपा ने बताया कि उन्होंने स्व सहायता समूह से जुड़कर अलग- अलग विषयों से संबंधित 100 से अधिक प्रशिक्षणों में हिस्सा लिया। इसमें एक कृषि सखी का प्रशिक्षण मैंने प्राप्त किया है। मैंने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश में 5,500 महिला किसानों जैवित खेती पर प्रशिक्षण दिया है। पुष्पराजगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत हर्रा टोला अंतर्गत ग्राम सोनियामार की रहने वाली चंपा जैविक खेती पर काम कर रहीं हैं। इन्होंने अभी तक करीब 55 सौ परिवारों को जैविक खाद तैयार करना सिखाया है। राज्य आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह में चंपा सिंह 25 वर्ष कृषि सखी मास्टर ट्रेनर के पद पर हैं। अभावों के दौर से गुजरकर चंपा ने कठिन परिश्रम की बदौलत आज आत्मनिर्भरता के सफल रास?ते पर चल पड़ी हैं। प्रयासों की बदौलत जो सफलता मिली उससे अनूपपुर जिले की प्रथम महिला होने का गौरव चंपा को मिल गया है, जिसने प्रधानमंत्री से वार्तालाप की है।



## लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर 406 गांव बाढ़ से प्रभावित

**बनारस।** वाराणसी में बाढ़ से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। गंगा और वरुणा पलट प्रवाह के कारण खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शहर के निचले और ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से हाहाकार मचा है। खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा का जलस्तर अपने उच्चतम स्तर की तरफ बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार सुबह सात बजे तक वाराणसी में गंगा का जलस्तर 72.01 मीटर पर था। इसमें एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है। काशी में गंगा की धारा तबाही मचाने की राह निकल पड़ी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, बुधवार सुबह 8 बजे 72.02 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान (71.26 मीटर) से 76 सेंटीमीटर ऊपर था। इसके बाद गंगा के जलस्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाव जारी था। दोपहर 12 बजे गंगा का जलस्तर 72.06, तीन बजे 72.09 और शाम को छह बजे गंगा का जलस्तर 72.12 मीटर तक पहुंच गया।मिर्जापुर जिले में सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते बुधवार को बाढ़ क्षेत्रों की मुश्किलें और बढ़ गईं।

# लगातार गिर रहे पत्थर, अब तक 14 शव बरामद

## किन्नौर हादसा, मौके पर पहुंचे सीएम जयराम ठाकुर

**किन्नौर।** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने गुरुवार को किन्नौर जिले में निगुलसरी का हवाई निरीक्षण किया। सीएम जयराम का हेलीकॉप्टर एसजेवीएनएल के झाकड़ी स्थित हेलीपेड पर उतरा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से निगुलसरी में मलबे में दबे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एनडीआरए व जिला प्रशासन की टीम अथक प्रयास कर रही है। कई लोगों को सुरक्षित निकालने में हमें सफलता प्राप्त हुई है लेकिन कई अमूल्य जिंदगियों को हम नहीं बचा सके जिसका हमें अत्यंत दुख है। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने के कारण पिछले एक घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। एनडीआरएफ के जवान लाऊड स्पीकर के जरिए लोगों को आगाह कर रहे हैं कि घटनास्थल की ओर न जाएं। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। निगुलसरी में बुधवार को हुए भूस्खलन के कारण अब तक 14 लोगों की मौत हुई है जबकि कई लोग लापता हैं। एनडीआरएफ, सेना, आईटीबीपी, पुलिस और स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुटे हुए हैं।



## महाहैकिंग: हैकर्स ने चुराई 4,500 करोड़ से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी



**नई दिल्ली।** हैकर्स ने अब तक की सबसे बड़ी हैकिंग को अंजाम दिया है और यह हैकिंग कोई आम हैकिंग नहीं है, बल्कि डिजिटल करेंसी क्रिप्टोकरेंसी की हैकिंग है। क्रिप्टोकरेंसी ट्रांसफरिंग के लिए जानी जाने वाली एक कंपनी पॉली नेटवर्क ने कल ही कहा था कि कि हैकर्स ने उसके नेटवर्क में सेंध लगा दी है और करोड़ों की कीमत वाली क्रिप्टोकरेंसी ले उड़े हैं।वहीं अब कंपनी का कहना है कि चुराई गई 4,500 करोड़ से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी में से हैकर्स ने करीब 1,930 करोड़ की क्रिप्टोकरेंसी लौटी दिए हैं। पॉली नेटवर्क के मुताबिक 26.9 करोड़ डॉलर की इथीरियम और 8.4 करोड़ डॉलर की पॉलीगॉन नहीं लौटाई गई है। कंपनी ने इसकी जानकारी एक के बाद एक कई ट्वीट करके दी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कवायद सुपरहिट

# पूरा देश गा रहा जन-गण-मन, आप भी गाएं

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई के मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रगान का जिक्र किया था और rashtragaan.in के माध्यम से देशवासियों के लिए एक ऐसे प्लाटफॉर्म की घोषणा की थी, जहां आकर कोई भी नागरिक जन-गण-मन का गान कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह कवायद सुपरहिट हो गई है। बड़ी संख्या में लोग इस वेबसाइट पर जाकर राष्ट्रगान गा रहे हैं, अपना वीडियो अपलोड कर रहे हैं और तत्काल सर्टिफिकेट हासिल कर रहे हैं। फेसबुक, ट्विटर समेत सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे सर्टिफिकेट की मानो बाढ़ आ गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 15 अगस्त तक करोड़ों देशवासी इस अनूठे अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।

**Happy Independence Day 2021 तकनीक का शानदार उपयोग, उपयोग में आसान**

सबसे अच्छी बात यह है कि इस अभियान के लिए तकनीक का शानदार उपयोग किया गया है। यह बहुत आसान है और कोई भी सामान्य इन्सान उपयोग कर सकता है। rashtragaan.in पर क्लिक करते ही जो पेज खुलता है, वहां 'Proceed' या आगे बढ़ें पर क्लिक करें। (यहां 12 भाषाओं के विकल्प मौजूद हैं।) अगले पेज पर पूरा नाम, उम्र, देश और राज्य की एंट्री करना होगी। इसके बाद %चलो गाएं या Let's Sin पर क्लिक करें। क्लिक करते ही नया पेज खुलेगा और फ्रंट कैमरा चालू हो जाएगा। गायन शुरू करने के लिए रिकॉर्ड बटन दबाएं। मोबाइल या डेस्कटॉप के फ्रंट कैमरे की मदद से सिंगर खुद को देख सकता है। रिकॉर्ड करें पर क्लिक करते ही जन-गण-मन की धुन चालू हो जाती है। आपको इस धुन के साथ गाना है। वीडियो अपने आप रिकॉर्ड हो जाएगा। राष्ट्रगान पूरा होने के बाद आप इसे सुन भी सकते हैं। अपलोड बटन दबाने पर वीडियो अपलोड हो जाएगा। दोबारा प्रयास करने के लिए पुन~ आरंभ करें का विकल्प भी है। वीडियो अपलोड करते ही सर्टिफिकेट मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह कवायद इस लिहाज से भी बहुत पसंद की जा रही है कि इससे सभी लोगों को राष्ट्रगान का मौका मिल रहा है। दादा-दादी के साथ ही पोते-पोतियां भी इसका उपयोग कर रहे हैं।





# अब ट्रेनों में डीजल जनरेटर के बजाय लगेंगे पावर कोच

### वायु व ध्वनि प्रदूषण होगा शून्य,ज्यादा यात्रियों के कन्फर्म होगें टिकट

कटनी। स्लीपर या जनरल डिब्बे में यात्रा के दौरान आने वाली कर्कश आवाज कई बार यात्रियों की नींद में खलल डालती है। अब रेलवे ट्रेनों में डीजल जनरेटर के बजाय पावर कोच का इस्तेमाल करने जा रहा है। इससे यात्रियों को सुकून तो मिलेगा ही, ट्रेनों से होने वाला वायु और ध्वनि प्रदूषण भी खत्म होगा। रेलवे ने हेड ऑन जनरेशन प्रणाली से चलाने में सफलता पाई है। इन ट्रेनों में पावर कोच लगाए हैं, जिन्हें डीजल जनरेटर के बजाय सीधे इंजन की ओबर हेड इलेक्ट्रिक लाइन से बिजली सप्लाई दी जा रही है। जनरेटर कोच को हटाने से रिक्त जगह पर यात्री डिब्बा जोड़ा जा रहा है। इससे यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।



### एक साल में होगी करोड़ों की बचत

रेलसूत्रों ने बताया कि हेड ऑन जनरेशन प्रणाली में डीजल की खपत नहीं होती। इससे वायु और ध्वनि प्रदूषण में कमी आती है। वहीं अब नई प्रणाली से रेलवे को करोड़ों रूपए की बचत हो होगी। इस तकनीक का इस्तेमाल देश के कई रेल मंडलों में भी किया जा रहा है।

### ट्रेन में आग की आशंका होगी खत्म

एक सामान्य यात्री ट्रेन में एक जनरेटर बोगी लगाई जाती है जबकि एसी ट्रेनों में सबसे आगे और सबसे पीछे दो जनरेटर सेट बोगी होती हैं। इनका काम यात्री एसी डिब्बों में एसी और इलेक्ट्रिक उपकरणों में बिजली पहुंचाना होता है। डीजल लीकेज व शॉर्ट सर्किट की वजह से आगजनी का खतरा बना रहता था। अब यह आशंका भी खत्म होगी।

## रीठी तहसील के पटवारी हल्का नंबर 23 का पटवारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

### अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने जारी किये आदेश

**कटनी।** एक प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी बलबीर रमन ने तहसीलदार रीठी के प्रस्ताव के आधार पर पटवारी हल्का नंबर 23 ग्राम रीठी तहसील रीठी के पटवारी रामलाल गोंटिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में एसडीएम द्वारा सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(2) के अंतर्गत आदेश जारी कर दिये हैं। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय हैं। साथ ही निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय तहसील रीठी नियत किया गया है।

पूरे प्रकरण के तहत तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 23 ग्राम रीठी तहसील रीठी को संबंधित हल्के में दर्ज भूमि खसरा नंबर 519/13 रकवा 0.01 हैक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेख में वर्ष 2019-20 तक सम्मान सिंह वल्द नत्थू सिंह गोंड़ के नाम पर दर्ज थी। उक्त भूमि बिना किसी आदेश हवाला के वर्ष 2020-21 में भूस्वामि सम्मान सिंह वल्द नत्थूसिंह गोंड़ के स्थान पर ज्योति गुप्ता पति नागेन्द्र गुप्ता के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा दर्ज कर दी गई है। यह कार्य गंभीर कदाचरण एवं अवचार की श्रेणी में आने से संबंधित के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1965 की कंडिका 3 के तहत कठोर कार्यवाही किये जाने के लिये प्रस्तावित किया गया था। जिसके बाद एसडीएम द्वारा संबंधित के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करते हुये आदेश जारी किया गया है।



## जनता को हो रही असुविधाओं का समाधान करने की मांग

**कटनी।** मप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश प्रवक्ता मारूफ हनपुी खजुराहो कटनी लोक सभा क्षेत्र पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष इस्तेयाक़ अहमद, ज़िला शहर ओबीसी अध्यक्ष प्रशांत जयसवाल ने पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक संदीप मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त धाकडे को ज्ञापन पत्र सौंपकर आने वाले त्योहारों को देखते हुये शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने एवं वर्षा के कारण हुई सड़कों की दुर्दशा तथा समूचे शहर में जगह जगह बिगड़ी हुई स्ट्रीट लाईट की सम्मस्या के शीघ्र निराकरण कर आम जनता को हो रही असुविधा के समाधान के लिये आवश्यक प्रयास, कार्यवाही किये जाने की ज़ोरदार मांग की।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक कल

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक कल 13 अगस्त को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। बैठक में समिति सदस्यों से उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिये नियुक्त होंगे पैरालीगल वॉलेन्टियर्स

**कटनी।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण कटनी दिनेश नोटिया ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वॉलेन्टियर्स स्कीम अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिये पैरालीगल वॉलेन्टियर्स का चयन कर वॉलेन्टियर्स के रूप में नियुक्त किया जाना है। जिसमें कटनी एवं तहसील विधिक सेवा समिति विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा के लिये इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ता, सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी, युवा, डॉक्टर्स, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विधि छात्र, महिला संगठनों के सदस्य, सहकारी समिति, पंचायती राज और नगर पालिका के स्वैच्छिक कार्यकर्तागण, अशासकीय संस्थाओं के सदस्य आदि श्रेणियों में आने वाले व्यक्ति, पैरालीगल वॉलेन्टिर्स के रुप में स्कीम में वर्णित प्रावधानों के तहत चयनित किये जायेंगे। इस संबंध में जिले के शिक्षित इच्छुक आवेदक जो पैरालीगल वॉलेन्टियर्स के रुप में कार्यालय से कार्य करना चाहते हैं, वे निर्धारित प्रारुप में वांछित दस्तावेजों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय कटनी में 30 अगस्त 2021 तक आपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कम्प्यूटर एवं टाईपिंग में प्रवीण आवेदकों को चयन में वरीयता दी जायेगी। चयनित व नियुक्त किये गये पैरालीगल वॉलेन्टियर्स किसी भी दशा में शासकीय सेवा के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे। पैरालीगल वॉलेन्टिर्स के लिये आवेदन करने वाले आवेदक का राजनैतिक दल से संबंध होने तथा आवेदक के विरुद्ध कोई भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर नियुक्ति हेतु अयोग्य होगा। चयनित नियुक्त पैरालीगल वॉलेन्टिर्स पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा समय समय पर जारी नियम एवं निर्देश अधिरोपित होंगे। पैरालीगल वॉलेन्टिर्स के कार्य, कर्तव्य एवं दायित्व की विस्तृत जानकारी के लिये राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की अधिकृत वेबसाईट पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिये आवेदन कटनी मुख्यालय पर एवं तहसील विधिक सेवा समितियों से संबंधित समितियों के अध्यक्ष के समक्ष व्यवहार न्यायालय में यथास्थिति प्रस्तुत किये जायेंगे।

**निर्धारित प्रारूप में आवेदक 30 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं आवेदन**

## कसौधन वैश्य महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज



**कटनी।** कसौधन वैश्य महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज मनाया गया। जिसमें कसौधन वैश्य महिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति गुप्ता एवं उनके मंडल द्वारा यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस साल भी मनाया गया। जिसमें हरियाली तीज मैं प्रथम क्वीन श्रीमती नेहा गुप्ता एवं ड्रेस कंपटीशन में प्रथम नंबर श्रीमती मांडवी गुप्ता का रहा एवं हरियाली तीज कंपटीशन में महिलाओं ने भाग लेकर हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर वर्षा गुप्ता, कंचन गुप्ता, रानी गुप्ता, अंशु गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, रश्मि गुप्ता, अमिता गुप्ता आदि की मौजूदगी रही।

## MP Police जल्द ही शुरू होगी E -FIR की सुविधा

**कटनी।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जोनल आईजीडीआईजी तथा जिले के पुलिस अधीक्षकों से की सुविधा प्रदान करने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ट्रायल के तौर पर आज 12 अगस्त से यह सेवा शुरू होगी। प्रारंभिक दौर में इसके माध्यम से 15 लाख रूपए मूल्य तक के वाहन चोरी तथा एक लाख रूपए मूल्य तक की चोरी की एफआईआर दर्ज की जा सकेगी। डीजीपी श्री जौहरी ने प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट तथा ट्वीटर, फेसबुक आदि के कुशल संचालन एवं सूचनाओं के त्वरित संप्रेषण के लिए अच्छी टीम बनाकर कार्य करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एससीआरबी चंचल शेखर, एसाई मनोहर तथा पुलिस महानिरीक्षक मकरंद देउस्कर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जारी रही पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**कटनी।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। मांगों में 3 सूत्रीयमांगे जिसमें ग्रेड पे 2100 से बढाकर 2800 किया जाय समयमान वेतनमान मैं विसंगति पदक्रम के अनुसार सुधार किया जाय तथा दूरदराज पदास्थपना किये गए पटवारियों का स्थानांतरण गृह जिला मैं किया जाय तथा सीपीसीटी की परिक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाय स्थानीय समस्याओं मैं तहसील स्लीमनाबाद मे पदस्थ पटवारी अनन्त गुप्ता का निलंबन विनाशर्रत समाप्त कर यथावत पदस्थापना की जाय अनुज जयसवाल पटवारी बडवारा का 2017 के दो माह का रोका गया वेतन दिलाया जाय अमित श्रीवास्तव पटवारी रीठी का कोबिड के समय माह अप्रैल 2020 वेतन दिलाया जाय संतोष दाहिया पटवारी रीठी का निलंबन अवधि का वेतन दिलाया जाय डबल हल्के के प्रभार 500 रुपए कुछ तहसीलों में नहीं लगाया जा रहा है आदि समस्याओं के निराकरण की मांग पटवारी संघ जिला कटनी करता है। हड़ताल में जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल, गजेन्द्र राय, ज्ञानेश्वर तिवारी, अवध मिश्रा, धर्मेदधरण त्रिपाठी, अमित कनकने, प्रकाश गुप्ता, प्रीतेश गुप्ता, अभिषेक तिवारी, मो. नाजिर, श्यामाचरण शुक्ला, विनीत सिंह बघेल, गजेंद्र सिंह, नितेश पांडे, राजेश दुबे, संदीप गर्ग, अनुज दाहिया, नंदलाल ताम्रकार, घनश्याम गडवाल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, नितिन सोनी, मुख्तार अहमद आदि पटवारियों की उपस्थिति रही।



## कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंध 20 अगस्त तक रहेंगे प्रभावशील

### कलेक्टर ने जारी किये आदेश

**कटनी।** राज्य के विभिन्न जिलों में कोविड-19 संक्रमण की दर में कमी को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों को 20 अगस्त तक बढ़ाया गया है। इस संबंध में गृह विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं। जिसके तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा भी इस आशय का आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि गृह विभाग द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जो 10 अगस्त तक प्रभावशील हैं जो अब 20 अगस्त 2021 तक प्रभावशील रहेगा।

## जालपा वार्ड में जागरूकता रैली आयोजित

### जैविक एवं मटका खाद बनाने की प्रक्रिया से कराया गया अवगत

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशानुसार निगम की नियुक्त एजेंसी द्वारा निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति आज प्रातः जालपा देवी वार्ड की विभिन्न गलियों में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान में वार्डवासियों को घरों से निकलनें वाले गीले एवं सूखे कचरे के प्रकारों की जानकारी प्रदाय की जाकर गली कचरे से घर पर ही जैविक मटका खाद बनानें की विधि से अवगत कराया गया। गतिविधियों के दौरान अमानक प्लास्टिक अथवा पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी प्रदाय की जाकर सार्वजनिक हित में उनका उपयोग न करनें, घरों के आसपास पर्याप्त साफसफाई रखने, सफाई से संबंधित शिकायतों का स्वच्छता एप के माध्यम से घर बैठे ही निराकरण कराने, सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सेप्टिक एवं सीवर की सुरखित सफाई हेतु टोल फ्री नंबर 14420 का उपयोग करने की अपील की गई।




### महात्मा गांधी वार्ड में हुआ टॉयलेट टी -20 अभियान का आयोजन

निगम प्रशासन द्वारा अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से आज प्रातः महात्मा गांधी वार्ड में टॉयलेट टी-20 का अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान खुले में शौच न जानें हेतु प्रेरित किया जाकर खुले में शौच जानें से फैलनें वाली बीमारियों से जनसमान्य को अवगत कराते हुए सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सेप्टिक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई नियुक्त कर्मचारियों के माध्यम से कराने की अपील की गई।

## फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 का कार्यक्रम जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01.01.2022 की आर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुये फोटोयुक्त नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के तहत 9 अगस्त से 31 अक्टूबर 2021 तक डीएसई/मल्टीपल प्रविष्टियों, लॉजिकल एरर का नरसन, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, अनुभागों का उचित गठन और मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 नवम्बर 2021 को प्रकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जायेगा। 1 नवम्बर से 30 नवम्बर 2021 तक दावे और आपत्ति दर्ज करने की अवधि निर्धारित की गई है। वहीं 13 नवम्बर, 14 नवम्बर, 20 नवम्बर और 21 नवम्बर को विशेष कैम्प का आयोजन होगा। दावे एवं आपत्तियों के निराकरण के लिये 20 दिसम्बर 2021 और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2022 को किया जायेगा। कलेकटर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुये कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण 2022 की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के अंतर्गत प्रारुप प्रकाशन के पूर्व किये जाने वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की तैयारियों के निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचक नामावलियों के प्रारुप प्रकाशन के पूर्व मतदान केन्द्रों के संशोधन के प्रस्तावों पर आयोग का अनुमोदन प्राप्त किया जाना है। प्रारुप प्रकाशन के पूर्व किये जाने वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की तैयारी करने के निर्देश आयोग द्वारा दिये गये हैं। जारी निर्देशों के तहत शत् प्रतिशत भौतिक सत्यापन के पश्चात जो मतदान केन्द्र जीर्ण शीर्ण, क्षतिग्रस्त, आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नहीं हैं, उनको अन्य उपयुक्त भवन में स्थानांतरित करते हुये भवन परिवर्तन का प्रस्ताव तैयार करने के लिये कहा गया है। वहीं जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या निरंक है, उनको भी समाप्त करते हुये शेष मतदान केन्द्रों को क्रमांकित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिन भवनों में 5 या उससे अधिक मतदान केन्द्र स्थापित हैं, उनको ऐसे भवनों में स्थापित मतदान केन्द्रों के लिये नवीन भवन उपलब्ध हों, तो मतदान केन्द्रों को इन भवनों में स्थानांतरित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

इसी प्रकार जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, उनके मतदाताओं को यथासंभवन पूर्ण अनुभाग सहित नजदीक के अन्य मतदान केन्द्रों में स्थानांतरित कर युक्तियुक्तकरण किये जाने के निर्देश भी जारी किये गये हैं। मतदाताओं को यथा संभवन नजदीक के मतदान केन्द्रों में शिफ्ट करके युक्तियुक्तकरण के पश्चात ही यदि आवश्यक हो, तो नवीन मतदान केन्द्र स्थापित करने और मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव तेयार कर उस पर राजनैतिक दलों से चर्चा कर बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्ताव के साथ अनिवार्य रुप से संलग्न करने के लिये भी निर्देशित किया गया है।

इसके साथ ही मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव बनाते समय इस संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जारी निर्देशों के तहत विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव तैयार कर 12 अगस्त 2021 के पूर्व प्रस्तुत करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। ताकि निर्वाचक नामावलियों के प्रारुप प्रकाशन के पूर्व इन प्रस्तावों पर आयोग से अनुमोदन प्राप्त किया जा सके।

## दसवीं और बारहवीं की विशेष परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 15 अगस्त

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षा 2021 की विशेष परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने की तिथि 15 अगस्त 2021 तक बढ़ाई गई है। पूर्व में यह 10 अगस्त निर्धारित थी। प्रदेश में अतिवृष्टि होने और ग्वालियर एवं चंबल संभाग में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षा 2021 के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी या जिनका परिणाम अनुपस्थित दर्शाते हुए घोषित किया गया था, ऐसे परीक्षार्थियों के लिए 1 सितंबर से 25 सितंबर 2021 के बीच विशेष परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों को 1 अगस्त से 10 अगस्त 2021 के बीच एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन करने की सुविधा प्रदान की गई थी। विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने वाले छात्र जो किसी कारण से विशेष परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना चाहते है, वे 11 से 15 अगस्त 2021 तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना पंजीयन निरस्त कर सकते हैं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 12 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# पुरैनी की थोक मंडी में मिले व्यापार की अनुमति

## आदर्श थोक फल एवं सब्जी व्यापारी संघ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन





**कटनी।** आदर्श थोक फल एवं सब्जी विक्रेता व्यापारी संघ ने कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के नाम एक ज्ञापन सौंपकर थोक फल एवं सब्जी व्यवसाय पुन: पुरैनी स्थित सब्जी मंडी में करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है। व्यापारी संघ ने जिला एवं नगर निगम प्रशासन को इस बात का भरोसा दिलाया है कि सभी थोक फल एवं सब्जी व्यापारी अपनी दुकानों के भीतर से ही व्यवसाय करेंगे।

थोक फल एवं सब्जी व्यापारी ने बताया कि प्रदेश एवं जिले में कोरोना की दूसरी लहर के प्रकोप के समय प्रशासन द्वारा थोक फल एवं सब्जी मंडी में व्यवसाय करने पर रोक लगा दी गई थी तथा उन्हें ट्रांसपोर्ट नगर के समीप खुला मैदान व्यवसाय के लिए उपलब्ध कराया गया था। जहां व्यवसाय करने में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। खुला स्थान होने के कारण व्यवसायी बारिश एवं धूप का सामना करते हैं साथ ही फुटकर सब्जी व्यवसायियों को भी वहां पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सब्जी एवं फल व्यवसायियों ने प्रशासन को बताया है कि उक्त स्थान पर जो थोक सब्जी व्यवसायी यहां पंजीकृत नहीं है वे भी बाहर से आकर यहां सब्जी एवं फल का विक्रय करते हैं जिसके चलते स्थानीय एवं बाहरी व्यवसायियों के बीच विवाद की स्थिति बनती रहती है। थोक फल एवं सब्जी विक्रेता व्यापारी संघ ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वर्तमान में कोरोना का प्रकोप धीरे धीरे समाप्त होता जा रहा। पाबंदियों में सभी व्यापारियों को छूट मिलती जा रही है। ऐसे में सब्जी एवं फल व्यवसायियों को भी उनके नियत स्थान थोक मंडी में व्यवसाय की अनुमति दिया जाना उचित होगा।

### नियम का उल्लघंन करने पर करेंगे जुर्माना

आदर्श थोक फल एवं सब्जी विक्रेता व्यापारी संघ की एक बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों के भीतर से ही व्यवसाय करेंगे साथ ही प्रशासन द्वारा जो भी आदेश, दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे उसका पूर्णतः पालन करेंगे। जो भी व्यवसायी इसका उल्लघंन करेगा उस पर संघ द्वारा 21 सौ रूपए का जुर्माना अधिरोपित कर वसूल किया जाएगा।




# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

## ब्राह्मण समाज का आयोजन, कैमोर थाना प्रभारी का किया सम्मान



**कैमोर।** अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद द्वारा गत दिवस विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में गोष्ठी का आयोजन प्रदेश संयोजक पं. अवधेश उरमलिया एवं जिलाध्यक्ष पं. सुजीत परौहा की उपस्थिति में किया गया। बैठक में प्रदेश संयोजक श्री उरमलिया ने सभी विप्रजनों से एकजुटता का आव्हान किया एवं एक होकर समाज की उन्नति के लिए कार्य करने की बात कही। गोष्ठी के दौरान अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने वाले कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन एवं अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक अवधेश उरमलिया, जिलाध्यक्ष सुजीत परौहा, उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा, युवा शाखा के जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, शाहनगर तहसील अध्यक्ष कैलाश पांडेय, तहसील संयोजक सत्यवान तिवारी, गौरीशंकर त्रिपाठी, आश्चर्य तिवारी, कैमोर के श्रमिक नेता राकेश तिवारी सहित लगभग 300 ब्राम्हाणों की उपस्थिति रही। गोष्ठी के दौरान यह भी तय किया गया कि प्रतिमाह जिले भर में संगठन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



### राकेश तिवारी कैमोर शाखा के अध्यक्ष बने

ब्राम्हण समाज की गोष्ठी के बाद कुछ पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें पं. राकेश तिवारी को कैमोर शाखा का अध्यक्ष एवं मनोज चतुर्वेदी को सचिव बनाया गया।

# रीठी के उत्कृष्ट विद्यालय व माडल हाई स्कूल में हुई नवोदय की प्रवेश परीक्षा





**कटनी।** रीठी उत्कृष्ट विद्यालय में 300 व माडल हाई स्कूल में 236 बच्चे हुए परीक्षा में शामिल बीते बुधवार 11 अगस्त को जबाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। नवोदय प्रवेश परीक्षा को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां की गई थी, रीठी तहसील में नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए दो सेंटर बनाये गये, जिसमे रीठी के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को भी परीक्षा सेंटर बनाया गया है। उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य यूएस पटेल ने बताया कि नवोदय की प्रवेश परीक्षा में 300 विद्यर्थि एजसलेन्स में परीक्षस में बैठे जिनमे 136 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, परीक्षा केंद्र पर समस्त विद्यार्थियों को सैनिटाइज थर्मल स्कैनिंग व मास्क लगाने के निर्देश दिए गए और जिनके पास मार्क नहीं तो उनको मार्क भी वितरित किए गए।

# 36 व्यक्तियों पर की गई 3600 रुपये जुर्माने की कार्यवाही

**कटनी।**

नगर में कोविड -19 की वर्तमान संक्रमण दर एवं अपेक्षित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए समुदाय में संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी के पत्र अनुसार जारी दिशा-निर्देश तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिये गये निर्णय के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंधन कर नगर के सार्वजनिक स्थलों में बिना मास्क लगाये धूमने वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन के गठित अतिक्रमण अमले द्वारा आज दोपहर मिशन चौक में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चेहरे पर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमनें वाले 36 लोगों पर 3600/- रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु नगारिकों से घरों से निकलते समय चेहरे पर मास्क लगाने एवं सार्वजनिक स्थलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर कोविड संक्रमण को फैलने से रोकने में प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# शेष छात्रवृत्ति के लिये पोर्टल पुन : खुलेगा

**कटनी।**

प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की अध्यक्षता में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण के लिये आयोजित बैठक में अहम निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये अनुसूचित जाति विकास अंतर्गत एनआईसी पोर्टल को शैक्षणिक सत्र 2020-21 के शेष आवेदनों के संबंध में पोर्टल 15 दिवस के लिये पुनरू पोर्टल खोला जाएगा। आवेदन संबंधी समस्त कार्यवाही सम्पन्न कराई जायेगी। इस बारे में सभी संबंधितों को पूर्व सूचना उपलब्ध कराई जायेगी।

## शहरी क्षेत्र में 9 केन्द्रों पर हो रहा कोविड वेक्सीनेशन

**कटनी।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज 12 अगस्त को कोविड वेक्सीनेशन नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित 9 केन्द्रों पर हो रहा है। इन सभी केन्द्रों में वेक्सीनेशन के ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसमें नागरिक अपना आधार कार्ड या अन्य शासकीय फोटो पहचान पत्र के साथ इन केन्द्रों में पहुंचकर वेक्सीनेशन करा सकते हैं। निर्धारित टीकाकरण केन्द्र अनुसार पुरानी कचहरी परिसर कटनी में कोवेक्सीन के पहले और दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही कोवीशील्ड वैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये पुरानी कचहरी परिसर, रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजे, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल, एसीसी हॉस्पिटल, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, सेवा भारती सरस्वती स्कूल कटनी, शेरावाली मंदिर राजीव गांधी वार्ड और सामुदायिक भवन कुठला में भी वेक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

# उमरियापान में नागपंचमी चौरसिया दिवस पर्व कल मनाया जाएगा



### चौरसिया समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे

उमरियापान,यशभारत। उमरियापान में नागपंचमी चौरसिया दिवस पर्व बीते वर्षों की तरह इस वर्ष धूमधाम मनाया जाऐगा। नागपंचमी चौरसिया दिवस पर्व को धूमधाम से मनाने कल शाम को नगर के संन्यासी महाराज मंदिर में नवयुवक मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रदीप तांतू चौरसिया सहित सभी सदस्यों बैठक संपन्न हुई। उपस्थित सभी लोगों ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर अंतिम मुहर लगाई। जिसमें निर्णय लिया गया की कोरोना गाइड लाइन के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थिगित किया जाए। चौरसिया मंगल भवन में दोपहर 2 बजे सभी लोग एकत्रित होंगे और नागदेवता की प्रतिमा की लाकर पूजा अर्चना के पश्चात शाम 4 बजे से ढोल नगाड़ों के साथ जुलुस नगर भ्रमण करते हुए चिहुटिया महाराज के स्थान पहुंचकर समाप्त होगा। पूजा अर्चना के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया जाऐगा। पर्व के उपलक्ष्य में चौरसिया समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद करेंगे।

# चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों की व्यवस्थाओं के लिए निगमायुक्त ने सौपें दायित्व

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमा क्षेत्र में आज 12 अगस्त को नगर के चिन्हित 8 टीकाकरण केन्द्रों इंदिरा गांधी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन कुठला, जगमोहन दास वार्ड स्थित सेवा भारती सरस्वती स्कूल, राजीव गांधी वार्ड स्थित शेरावाली मंदिर धर्मशाला अशोक कॉलोनी कटनी, बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित रेल्वे हास्पिटल, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित पुरानी कचहरी कटनी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड स्थित ऑर्डिनेंस हॉस्पिटल, डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित ए.सी.सी हॉस्पिटल, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित झूलेलालमंदिर माधवनगर में वैक्सीनेशन सत्र का आयोजन किया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने 7 अगस्त को आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र की आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्र.कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा को नगर निगम की व्यवस्थाओं का प्रभारी नियुक्त कर टीकाकरण केन्द्रों हेतु 7 प्रभारियों तथा 24 सहयोगी कर्मचारियों के दल का गठन किया जाकर टीकाकरण केन्द्रों में निगम प्रशासन की साफ सफाई, पेयजल, फर्नीचर , वर्षा ऋतु को देखते हुए टेंट शमियाना, तिरपाल आदि आवयश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने तथा शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य कराने के निर्देश प्रदान किये है।

# चंडिका नगर में 14 अगस्त तक होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण





**कटनी।** लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के चंडिका नगर स्थित माता चंडिका मंदिर में बीते 10 अगस्त मंगलवार से पावन श्रावण मास के उपलक्ष्य में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम आगामी 14 अगस्त तक चलेगा। प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बाद पूजन और अभिषेक होता है, पूजन अभिषेख उपरांत पाली से इन शिवलिंगों का विसर्जन कोहारी नदी के मां चण्डिका घाट में किया जाता हैं आपको बता दे कि रोजाना 8 बजे से शिवलिंग निर्माण अभिषेख पूजन 4 पालियों में किया जाता है मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु शिवलिंग निर्माण करने पहुंच रहे।आचार्य मनमोहन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में धर्मिक आयोजन सम्पन्न कराया जा रहा। जय माँ चंडिका ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**

(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)

कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा

प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा

24 घंटे एम्बुलेंस | 24 घंटे दवाईयां | 24 घंटे डिजिटल एक्सरे | 24 घंटे एम.एल.सी

अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## चोरी के आदतन अपराधी को कारावास

### न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने तीन अलग-अलग मामलों में सुनाया फैसला

**कटनी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने ग्राम खम्हरिया निवासी चोरी के आरोपी 23 वर्षीय राजू को पृथक-पृथक तीन निर्णयों में कारावास से दण्डित किया। जिला अभियोजन की मीडिया सेल के अनुसार अभियुक्त द्वारा 24 नवंबर 2019 को राम भरोस पटेल के खेत से उसकी पम्प चोरी कर ले गया था। 25-26 नवम्बर 2019 के दरम्यानी रात उक्त अभियुक्त ने ही रात्रि में फरियादी वसीर अली के घर में खुसकर एक एम्पलीफायर चोरी किया था। जिसकी रिपोर्ट फरियादी द्वारा थाना ढीमरखेड़ा में की गई थी। उसी दिन अशोक कुमार के निवास में प्रवेश घुसकर सोने-चांदी के जेवर कीमती लगभग 12 हजार 800 रूपये पार कर दिए थे। उपरोक्त तीनों घटनाओं की रिपोर्ट थाना ढीमरखेडा में किए जाने पर पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए। अपराधों की विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त तीनों चोरी अभियुक्त राजू द्वारा की गई हैं। न्यायालय द्वारा प्रकरण में विचारण करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को तीनों मामलों में दोषी पाते हुए पृथक-पृथक दण्ड से दण्डित किया है। जिसमें एक चोरी में 2-2 वर्ष का कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड, दूसरे में 2-2 वर्ष का कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड, तीसरे प्रकरण में 2 वर्ष का कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उपरोक्त तीनों प्रकरणों में अभियोजन की ओर से विनोद सिंह लोधी एडीपीओ तहसील ढीमरखेडा ने पैरवी की है।



## बाइक और एक्टिवा की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गम्भीर

### कन्हवारा-चाका के बीच दर्दनाक हादसा



**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्हवारा-चाका- कटनी मार्ग पर कल शाम छैघरा चितावर माता मंदिर के समीप आमने सामने आ रही मोटरसाइकिल एवं एक्टिवा वाहन की जोरदार भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार एक परदेशी युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीरों की सूचना पर दुर्घटना स्थल पहुंची पुलिस ने मृतक और घायल को शासकीय चिकित्सालय विजयराघवगढ़ पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिंडौरी जिला थाना शहपुरा ग्राम आमा पिपरिया निवासी महेश परस्ते पिता चम्मर सिंह परस्ते अपने रिश्तेदार प्रीतम सिंह मरावी के यहां आया था। कल अपरान्ह बाद महेश परस्ते अपने रिश्तेदार प्रीतम सिंह की मोटरसाइकल क्रमांक एम पी 20-एम एक्स 9603 से एक अन्य साथी के साथ किसी काम से कटनी आ रहा था तभी कन्हवारा के आगे चितावर माता वाले स्थान पर कटनी की ओर से कन्हवारा की ओर जा रही एक एक्टिवा से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर से मोटरसाइकिल चला रहा महेश परस्ते सड़क पर गिरा। सर और चेहरे में गम्भीर चोट के कारण 26 वर्षीय महेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर में एक्टिवा सवार को कम चोटें आई और वह एक्टिवा सहित मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद सड़क पर घायल पड़े दो युवकों को देखकर राहगीरों ने 100 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में कन्हवारा ग्राम के बहुत से लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को विजयराघवगढ़ अस्पताल पहुंचाया जहां चिकिसकों ने महेश परस्ते को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी एक्टिवा क्रमांक एम पी 21 एस 0839 के चालक के विरुद्ध धारा 279,304 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।




## बल्व फूटते ही करंट की चपेट में आया युवक

### अस्पताल में मृत घोषित किया चिकित्सकों ने



**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बरेहटा में घर में सुधारकार्य करते समय बिजली करंट की चपेट में आकर एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरेहटा निवासी 20 वर्षीय गजेन्द्र पिता प्रताप सिंह आज सुबह घर पर ही बल्व में सुधार कार्य कर रहा था। उसीदौरान अचानक बल्व फूट गया और गजेन्द्र बिजली करंट की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गया। परिजन तत्काल उसे रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## फंदे पर लटकता मिला विक्षिप्त युवक का शव,पुलिस जांच में जुटी



**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र की सलैया पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम गोदाना में मानसिक रूप से विक्षिप्त एक 42 वर्षीय युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। उसकी लाश आज सुबह पेड़ के सहारे फंदे पर लटकी मिली। सलैया चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मृतक की पहचान गांव के ही 42 वर्षीय गजराज विश्वकर्मा पिता रघुनाथ विश्वकर्मा के रूप में की गई है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 13 लाख की ठगी

### तीन साल पहले हुई धोखाधड़ी में अब हुई एफआइआर

**कटनी।** शहर के गायत्रीनगर क्षेत्र निवासी सुरेश मिश्रा के साथ तीन साल पहले क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 13 लाख रुपए की ठगी की गई। आरोपी युवक लखनऊ निवासी शरद मिश्रा और मुंबई निवासी मिहिर शाह ने शहर के नागरिकों से ठगी करने के लिए शहर के अरिंदम होटल में सेमीनार किया। यहां क्रिप्टो करेंसी के फायदे बताए और ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने का प्लान बनाया। पीड़ित सुरेश मिश्रा ने बताया कि 11 सितंबर 2018 से 13 दिसंबर 2018 के बीच एयू स्मॉल बैंक से अलग-अलग तारीख पर 13 लाख रुपए आरोपियों के खाते में ट्रांसफर किए। आरोपियों ने निवेश की गई राशि का 20 प्रतिशत हर माह देने की बात कही थी। दिसंबर 2018 तक 13 लाख रुपए देने के बाद जब हर माह 20 प्रतिशत की राशि वापस नहीं मिली तो मूलधन वापस करने की मांग किया। इसके लिए लगातार तीन साल आरोपी आश्वासन पर आश्वासन देते रहे। परेशान होकर रंगनाथ थाने में एफआइआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। इस संबंध में कटनी रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि लखनऊ निवासी शरद मिश्रा, मुंबई निवासी मिहिर शाह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। टीम गठित की जा रही है।

## दिनदहाड़े एक लाख 40 हजार की चोरी


### कैलवाराकला में शादी के बाद पहली बार मायके आई युवती के जेवर ले गए चोर

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कैलवाराकला में शादी के बाद पहली बार मायके आई एक 19 वर्षीय युवती के दिनदहाड़े मकान के अंदर से 1 लाख 40 हजार रूपए कीमती जेवर व अन्य सामान पार होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि ग्राम कैलवारा कला निवासी 19 वर्षीय तान्या दीक्षित पति मोहित त्रिवेदी का जून माह में विवाह हुआ था। वह पहली बार अभी रक्षाबंधन पर्व पर ससुराल से मायके आई थी। बताया जाता है कि तान्या कल बुधवार की दोपहर अपनी मां के साथ बाजार करने शहर आ गई और घर में सिर्फ तान्या का भाई था। इस दौरान भाई भी गांव में कहीं चला गया। इसीदौरान मकान के सूने पन का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े मकान में धावा बोला और अंदर से सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य सामान लेकर चंपत हो गए। चोरी गए सामान में सोने एक पंचाली, मंगलसूत्र, सोने अंगूठी, सोने की झुमकी, 2 कंगन, 4 जोड़ी चांदी की बिछिया, कमर कर्धन, 4 जोड़ी चांदी की पायल, एक यूनियन बैंक की एफडी व आधारकार्ड शामिल है। चोरी गए सामान की कीमत 1 लाख 40 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मोटर सायकल चोर को दो वर्ष का कठोर कारावास

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के बाइक चोरी के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी चोर को दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। मिली जानकारी के अनुसार 14 मई 2020 को फरियादी उमेश पटेल सुबह 8 बजे अपने घर से मोटर साईकिल क्रमांक एम.पी.21एमजे-8116 से दीपक ऐजेन्सी काम पर गया था। उक्त मोटर साईकिल को एजेन्सी के गोदाम के सामने खड़ा कर काम पर एजेन्सी चल गया। दोपहर करीब 1 बजे फरियादी ने आकर देखा को जिस स्थान पर मोटर साईकिल खडा किया था। उस स्थान पर मोटर साईकिल नही थी। फरियादी ने मोटर साईकिल की तलाश आसपास स्थान पर किया, कोई पता नही चला। मोटर साईकिल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। लाकडाऊन होने से फरियादी द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट 21 मई 2020 को थाना कुठला में की गई। रिपोर्ट पर थाना कुठला में धारा 379 अज्ञात चोर के विरूद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना को दौरान संदेही रवि उर्फ टिंकू यादव पिता राजू यादव उम्र 28 वर्ष निवासी पाठक वार्ड कटनी जिला कटनी से पूछताछ किया गया। जिसने पूछताछ पर घटना दिनांक को फरियादी की उक्त मोटर साईकल चोरी करना बता। आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर मोटर साईकिल आरोपी रवि यादव के घर से बरामद की गई। प्रकरण में विवेचना उपरान्त चालान न्यायालय प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट कटनी के न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान सहाण्जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमरे द्वारा शासन का पक्ष रखते हुये आरोपी द्वारा किये गये चोरी के कृत्य को मौजूद साक्ष्य के आधार पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण में आये साक्ष्यों व अभियोजन के तर्कों से सहतम होते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध होने पर 2 वर्ष का कठोर कारावास व 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सशक्त पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमरे द्वारा की गई।


### सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 13 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से


कलाकार- पेट्रिक विल्सन, वेरा फर्मिगा, जॉन नोबल, स्टीव कोल्टर आदि।

THE CONJURING

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

### सिटी मॉल बरही रोड में




बॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 13 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- संदीप बोस, आशीष चौधरी, गौरव डागर, प्रणय दीक्षित आदि।

D COMPANY

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


## सावन के बादल चले हिमालय की ओर

### अब बारिश के आसार नहीं

**कटनी।** शहर में इस वर्ष मानसून की दस्तक जल्दी हुई। जल्दी पहुंचे मानसून ने धीमे-धीमे कदम बढ़ाए। सावन की अगवानी में काले मेघ झूमे तो झमाझम बारिश की उम्मीद जागी। पर अब सावन में भी काले बादलों की बेरुखी से शहर परेशान है।

वर्षा वाली द्रोणिका हिमालय की तराई की ओर शिफ्ट हो गई है। इससे सावन की रिमझिम भी कुछ दिनों से थम गई है। बुधवार को भी बादलों की मेहरबानी नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार मानसूनी गतिविधि अभी शिथिल है। शहर को प्रभावित करने वाला कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। द्रोणिका हिमालय की तराई की ओर निकल गई है। इसके कारण अभी तेज बारिश की संभावना नहीं है। स्थानीय प्रभाव के कारण कहीं-कहीं छिटपुट और हल्की वर्षा हो सकती है। वर्तमान में तीन-चार पांच दिन तक बारिश वाला कोई सिस्टम सक्रिय होने के आसार नहीं हैं।

### फिर उमस से परेशान होने लगे लोग

पूरे मानसूनी सीजन में अभी तक एक भी दिन तेज बारिश नहीं हुई है। इससे बारिश पिछड़ती जा रही है। जिले में अभी तक औसत से 30 प्रतिशत कम बारिश हुई है। फिलहाल किसी नए सिस्टम के लक्षण नहीं उभर रहे हैं। ऐसे में बारिश की तर करने वाली खेप भी फंस गई है। स्थानीय बादलों से छिटपुट बारिश की उम्मीद भी टूट रही है। इससे मौसम का मिजाज बदलना लगा है। काले बादलों के गायब होने और हल्की धूप खिलने से नमी सूखने लगी है। दिन में हल्की उमस लगने लगी है।




### नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कटनी

एनसीईटी नई दिल्ली एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मान्यता प्राप्त


प्रवेश प्रारंभ

B.Ed. D.Ed.

संपर्क करें-एन.एच. 7 कलेक्ट्रेट के पास झिंझरी कटनी

मो.9752540630, 9302465246, 7509046981

### सिटी मॉल बरही रोड में




इंतजार की घड़ियां समाप्त अब बड़े पर्दे पर देखिए

हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 05 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

आगामी आकर्षण ता. 13 से THE CONJURING

THE SUICIDE SQUAD

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।




### महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी

मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)

College Code 740(8) F/A200153

B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)

D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)

D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)

छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश

संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

### डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

### PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

### PRE. REGISTRATION सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)